**संख्या:-160/2023/आई387588/001-303आ0-23-5002-002-33-2023-02(भवन)/2023टीसी**

प्रेषक,

कामता प्रसाद सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

**लोक निर्माण अनुभाग:-5** **लखनऊ: दिनांक 14 सितम्बर, 2023**

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-55 के राजस्व लेखा में लेखाशीर्षक 2059-80-053-06-00-29 "सर्किट हाउस निरीक्षण भवन एवं कार्यालय भवनों का अनुरक्षण-सामान्य एवं विशेष मरम्मत" के अन्तर्गत जनपद सीतापुर, वाराणसी व आजमगढ़ के अनावासीय भवनों के अनुरक्षण मद के 03 कार्यों हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-492बीजीबी/112बीजीबी/अना0 भवनों का विशेष मरम्मत/उ0प्र0प0/23-24, दिनांक 24.08.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान सं0-55 के राजस्वलेखा मद के अन्तर्गत जनपद सीतापुर, वाराणसी व आजमगढ़ के अनावासीय भवनों के अनुरक्षण मद के 03 कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अवशेष देयता में से **रू0 58.42 लाख(रू0 अट्ठावन लाख बयालिस हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नवत तालिका व शर्त के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

| क्र0 सं0 | शासनादेश संख्या व दिनांक | कार्य का नाम | योजना वार स्वीकृत धनराशि | बचत की धनराशि | आवंटन हेतु कुल धनराशि | गत वर्ष में आवंटित धनराशि | गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में समर्पित धनराशि | समर्पण समायोजन के उपरान्त आवंटन हेतु अवशेष धनराशि | निर्गत की जाने वाली धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | (धनराशि लाख रू0 में) | | | | |
| 1 | 32/2023/001-40आ0-23-5-23-02(भवन)/2023, दिनांक 17.02.2023 | नवसृजित रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, सीतापुर के कार्यालय भवन का नवीनीकरण/सुधारीकरण हेतु विभिन्न सिविल मरम्मत कार्य। | 35.04 | 0.66 | 34.38 | 28.00 | 18.00 | 24.38 | 24.38 |
| 2 | 72/2023/001-113आ0-23-5-23-02(भवन)/2023 टीसी, दिनांक 28.03.2023 | Rewiring work for suits GF and other area (Entance, Gallery, Kitchen, Camp Office, Panel Room, Verandah, Pump House, Store Room, General Toilet etc.) of Circuit House Varanasi. | 29.61 | 04.69 | 24.92 | 24.00 | 0.00 | 0.92 | 0.92 |
| 3 | 04/2022/17आ0/23-5-22-27(भवन)/2020, दिनांक 07.01.2022 | आजमगढ़ में ट्रांजिट हास्टल कोटवा के भवनों की मरम्मत एवं सुधार का कार्य। | 35.91 | 0.79 | 35.12 | 02.00 | 0.00 | 33.12 | 33.12 |
| | | | | | योग :- | | | | 58.42 |

**नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों -**

(1) प्रश्नगत चालू कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(2) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यों के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध यथावत लागू रहेंगे।

(4) समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपर्युक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेशों एवं यथा पुनरीक्षित शासनादेशों की शर्तों तथा उक्त के सम्बन्ध में वित्त विभाग के समस्त सुसंगत शासनादेशों की शर्तों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रू0 58,42,000(रूपये अट्ठावन लाख बयालिस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-55 लेखाशीर्षक 2059800530600 सर्किट हाउस निरीक्षण भवन एवं कार्यालय भवनों का अनुरक्षण, -सामान्य एवं विशेष मरम्मत मानक मद 29 अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
कामता प्रसाद सिंह
विशेष सचिव।

**<u>संख्या:-160/2023/आई387588/001-303आ0(1)/23-5-2023, तददिनांक</u>**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- निजी सचिव, मा0 विभागीय मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
4- नोडल अधिकारी(बजट), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
5- जिलाधिकारी सीतापुर, वाराणसी व आजमगढ़।
6- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
8- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सीतापुर, वाराणसी व आजमगढ़।
10- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(रा0मा0)/(वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
11- मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़।
12- अधी0अभि0, रा0मा0 वृत्त, 44वां(वि0/यॉ0) वृत्त व आजमगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0।
13- अधिशासी अभियन्ता, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, सीतापुर।
14- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, वाराणसी।
15- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, आजमगढ़।
16- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनु0-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
अभय प्रताप श्रीवास्तव
अनु सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in